पत्र संख्या–स्था0–1/ऑनलाइन कार्यभार ग्रहण/अवमुक्त/2019–20/ 1103 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक 13, जून, 2019

समस्त एडीशनल कमिश्नर, ग्रेड–1/2,वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त असिस्टेण्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त अपर सांख्यकीय अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

वाणिज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश में शासन की वार्षिक स्थानांतरण नीति के क्रम में किये गये स्थानांतरण, पदोन्नत अधिकारियों की तैनाती एवं फील्ड स्तर पर रिक्त पदों पर समय–समय पर दिये गये क्षेत्राधिकार के फलस्वरूप पदों पर अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने एवं अवमुक्त होने की दशा में विभागीय डाटाबेस/ई0आई0एम0एस0 सिस्टम में ऑनलाइन ज्वाइनिंग/रिलीविंग अंकित किये जाने की व्यवस्था है। परन्तु कतिपय अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण/अवमुक्ति के उपरान्त ई0आई0एम0एस0 सिस्टम में उक्त सूचना दर्ज नहीं की जा रही है, जो आपत्तिजनक है। प्रत्येक अधिकारी द्वारा सम्बन्धित पद पर कार्यभार ग्रहण/अवमुक्त होने की स्थिति में उक्त सूचना का ई0आई0एम0एस0 सिस्टम में दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि पूर्व में जिन अधिकारियों द्वारा अपने ज्वाइनिंग/रिलीविंग की सूचना ई0आई0एम0एस0 सिस्टम में दर्ज नहीं की गयी है। वह प्रत्येक दशा में उक्त सूचना दिनांक 15.06.2019 तक ई0आई0एम0एस0 सिस्टम में अंकित करना सुनिश्चित करें एवं भविष्य में भी उक्त व्यवस्था का अनुपालन कठोरता से किया जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जायेगा।

(अमृता सोनी)
कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

14/6/19